जय हो जय हो विश्वकर्मा भगवान | By Lakhbir Singh Lakha |

विश्वकर्मा भगवान की माया अपरम्पार
जिनके चरणों में झुके आज सभी संसार
कलाकृतियां जिनकी हैं अद्भुत देख रहे हम सारे
प्रेम से मिलकर बोलिये सब कोई जयकार
बोलिये विश्वकर्मा भगवान् की जय

जय हो जय हो विश्वकर्मा भगवान
तेरी जग में है ऊँची शान
जय हो जय हो..............

आपने शिव को त्रिशूल दिया, विष्णु को सुदर्शन
दुर्गा मैया को देके खडग किया प्रसन्न
बज्र इन्द्र राजा को ब्रह्मा को कमंडल
गदा दिए यम को जिससे कांपे भूमण्डल
सभी करते तेरा गुणगान
जय हो जय हो...........

प्रभु सारे संसार को हुनर तुम सिखाते
तेरी दया से सब हैं खाते कमाते
बिगड़ी सभी की प्रभु तुम हो बनाते
किसानो मजदूरों के गुरु तुम कहाते
कोई जग में ना तुमसे महान
जय हो जय हो...........

तेरी कृपा से हम मूरख अनाड़ी
लोहा बनाते, बनाते मोटरगाड़ी
ट्रेक्टर से काट देते जंगल और गाडी
पर्वत को खोद कर बना देते खाड़ी
चाँद मंगल पे, आज राकेट से पहुंचा इंसान
चाँद मंगल पे पहुंचा इंसान
जय हो जय हो...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%97%e0%a4%b5/